स्वतंत्रता दिवस पर शहीद उद्यान की ओर जाती महिला बटालियन

राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते एसपी एस आनंद व अन्य अधिकारी

परेड व राष्ट्रगान के बीच शान से लहराया तिरंगा

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहाँपुर। स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ पर कलेक्ट्रेट पुलिस लाइन सहित सरकारी व गैर सरकारी भवनों में ध्वजारोहण किया गया। पुलिस परिवार की ओर से 6 बटालियन परेड का आयोजन किया गया।

मुख्यातिथि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने परेड की सलामी शहीद उद्यान के पास ली । घड़ी की सुई ने जैसे 8 बजाये, हनुमत धाम पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कलेक्ट्रेट में डीएम इंद्र विक्रम सिंह, पुलिस लाईन में एसपी एस आनन्द ने तिरंगा फहराया । झण्डा रोहण के बाद तिरंगे को सलामी दी गई, 52 सेकेंड के राष्ट्रगान की गूँज हर तरफ सुनाई देने लगी। सभी को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। आजादी की वर्ष गाँठ का अमृत महोत्सव को बड़ी धूम धाम से मनाया गया। हर तरफ विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। शहीद पार्क में लखनऊ से आए हिमांशु बाजपाई ने दास्तान ए तमन्ना सरफरोश की किस्सागोई सुनाई, जिससे लोगों के मन में देश के प्रति जज्बा भर दिया । वहीं गुरुनानक पाठशाला कन्या हाईस्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य से अतिथियों का स्वागत किया। हरशाली शर्मा ने कलेक्ट्रेट डीएम के समक्ष रानी लक्ष्मीबाई की सांस्कृतिक प्रस्तुति दिखाई जिससे

शहीद उद्यान के पास परेड की सलामी लेते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना

डीएम ने बच्ची को सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट कर्मचारियों ने सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। साथ ही होमगार्डों को डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने सम्मानित किया।

उत्कृष्ट सेवाओं को पुलिसकर्मी सम्मानित:-पुलिस लाइन में एसपी एस आनंद ने परमेश्वरी जसवीर सहित अन्य पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र मेडल देकर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया साथ ही पुलिस विभाग से जनता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि अपने सम्मान को बनाए रखें जनता की नजर में पुलिस को एक उच्च पदवी पर स्थान दें।

शहीदों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण:-वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सांसद अरुण सागर, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव, डीएम इंद्र विक्रम सिंह, एसपी एस आनंद, सीडीओ, एडीएम प्रशासन रामसेवक द्विवेदी एडीएम वित्त गिरिजेश चौधरी, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा अपर नगर आयुक्त एसके सिंह,सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष

परेड में शामिल होनी जाती स्काउट गाइड टोली

डीपीएस राठौर, सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान भाजपा जिला अध्यक्ष हरि प्रकाश वर्मा महानगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता,दंपिदर कौर, निकहत परवीन सहित अधिकारी व नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, ठाकुर रोशन सिंह, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस सहित महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।

पीएसी बैंड को मंत्री द्वारा सम्मान: आर आई परेड कमांडर अब्दुल रहीम खान के निर्देशन में 6 टोली की परेड चल रही थी। जिसमें देशभक्ति की धुन बजाने पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पीएसी बैंड को शहीद उद्यान के पास सम्मानित किया एसपी एस आनंद ने पीएसी बैंड के कमांडर की पीठ थपथपाई। टोली में एनसीसी पुलिस पीएसी सहित शामिल थी।

तिरंगा लहराते हुए बाइकों से निकले युवा:- स्वतंत्रता दिवस पर शान से तिरंगा लहराया। इसी दौरान युवाओं ने केरूगंज सदर बाजार शहीद उद्यान लाल इमली चौराहा घंटाघर सुभाष व सुदामा चौराहा सहित विभिन्न मार्गों से बाइक पर तिरंगा लेकर निकले और देश भक्ति के नारे लगाए। यात्रा को देखते हुए भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

वीरों की कुर्बानी पर मिली आजादी:- वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि हम ही परंपराएं डालते हैं और उन्हें स्वयं ही समाप्त करते। उन्होंने कहा कि वीरों की कुर्बानी की बदौलत 75 वीं वर्षगांठ मना रहे है स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले क्रांतिकारियों ने अपनी जान की परवाह भी नहीं की और हंसते हंसते फांसी पर चढ़ गए। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक नारा दिया था की सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। लेकिन अब इसमें उन्होंने सब का प्रयास जोड़ दिया जिसस सब के प्रयास से ही देश तरक्की की ओर जाएगा। आजादी के वीरों की कुर्बानी को हमें व्यर्थ नहीं जाने देना है। वीर सपूत दूसरों के भविष्य के बारे में सोचते थे जिसके कारण आज हम सब आजाद हैं। उन्होंने कहा कि याद नहीं किए जाते हैं जो दूसरों के लिए जीते हैं और उनका नाम इतिहास में अमर हो जाता।

शहीदों की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाएगी बड़े बुजुर्ग बच्चों को शहीदों की गाथाओं के बारे में बताएं तथा युवा वीर सपूतों के जीवन काल से प्रेरणा लें जिससे वह देश के लिए कुछ कर सके-

इन्द्र विक्रम सिंह, डीएम

देश के वीर आजादी के लिए बड़ी निडरता से लड़े और अपने प्राण न्योछावर किए ऐसे ही शरद पर सैनिक जब जागते हैं तब देशवासी सुकून की नींद सो रहे हैं पुलिस का पूरा विभाग जनता के साथ है कोई भी समस्या उत्पन्न हो पुलिस से संपर्क जरूर करें उन्होंने कहा कि पुलिस उनके मदद के लिए हर समय तत्पर रहेगी।-**एस आनंद, एसपी**

देश की आजादी के लिए सैकड़ों लोग कुर्बान हुये, इसलिए यह दिन देश का सबसे पवित्र दिन है। अपील की कि लोग देश की अखंडता को बनाए रखें। आजादी के पर्व के साथ-साथ हर त्योहार पर देश के वीरों को याद करना चाहिए। प्रधानमंत्री अगुवाई में देश आगे बढ़ रहा है। वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व गुरु बन कर दुनिया के सामने आएगा-**निरहुआ भोजपुरी सुपर स्टार**

नायिका रितु सिंह ने कहा कि कमना हिन्दुस्तान लगातार आगे बढ़ता रहे। देश का नागरिक स्वस्थ होगा तो भारत खुशहाली की तरह बनेगा। भारत में जातिवाद खत्म हो, लोग एकजुट हो जायें-**रितु, नायिका**